निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

16 वैशाख 1948 (श0)

(सं0 पटना 448) पटना, बुधवार 6 मई 2026

खान एवं भूतत्व विभाग

अधिसूचना
6 मई 2026

सं0– प्र0–II/अवैध खनन– 30/22–2961—खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 15 के साथ सह पठित धारा 23(ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बिहार के राज्यपाल बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में संशोधन हेतु निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारंभ।–**
   (1) इन्हें बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2026 कही जाएगी।
   (2) इसका विस्तार सम्पूर्ण बिहार राज्य में होगा।
   (3) यह इसके राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।
2. **उप नियम 2(1) में कंडिका (viii) के बाद निम्नलिखित कंडिका (viii)(क) जोड़ा जाएगा:-**
   (viii)(क) "अन्वेषण निदेशक" से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा इस रूप में नियुक्त अन्वेषण निदेशक;
3. **उप नियम 2(1) में कंडिका (xix) के बाद निम्नलिखित कंडिका (xix) (क) जोड़ा जाएगा:-**
   (xix)(क) "भूवैज्ञानिक" से अभिप्रेत है इस निमयावली के उद्देश्यों के लिए भूवैज्ञानिक के कर्तव्यों का पालन करने के लिए सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी ;
4. **नियम 4 के बाद निम्नलिखित उप नियम 4(क) जोड़ा जाएगा :-**
   4(क) अन्वेषण निदेशक की नियुक्ति – राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, अन्वेषण निदेशक नियुक्त कर सकेगी जो राज्य में खनिज संसाधनों के अन्वेषण के लिए उत्तरदायी होगा।
5. **नियम 8 के बाद निम्नलिखित नियम 8(क) जोड़ा जाएगा:-**
   8(क) अन्वेषण निदेशक की शक्तियां एवं कार्य।–
   (1) वह अन्वेषण निदेशालय का प्रमुख होगा तथा विभाग के सभी भूवैज्ञानिकों पर प्रशासनिक नियंत्रण का प्रयोग करेगा।

(2) वह केंद्रीय एवं निजी अन्वेषण एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए उत्तरदायी होगा, तथा विभिन्न अन्वेषण एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत अन्वेषण प्रतिवेदनों की जांच, परीक्षा एवं विस्तृत विश्लेषण के लिए, जिसमें इनपुटस, निष्कर्षों, अनुशंसा एवं खनिज अन्वेषण गतिविधियों से संबंधित सभी अन्य कार्यों का मूल्यांकन सम्मिलित होगा।

(3) वह व्यवहार्य खनन ब्लॉकों की अन्वेषण, पहचान एवं तैयार करने के लिए तथा इन्हें विभाग को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी होगा।

6. नियम 9 के बाद निम्नलिखित नियम 9(क) जोड़ा जाएगा:-

9(क) भूवैज्ञानिक के कर्तव्य:–

(1) भूवैज्ञानिक का कर्तव्य होगा कि वह लागू नियमों के प्रावधानों के अनुरूप भूमीक्षण सर्वेक्षण, भूवैज्ञानिक मानचित्रण, भूभौतिकीय एवं भूरासायनिक सर्वेक्षण, ड्रिलिंग एवं उप–सतह अन्वेषण, संसाधन आंकलन एवं व्यवहार्यता तथा प्रतिवेदन तैयार करे।

(2) **उक्त संदर्भित भूवैज्ञानिक ।–**

(क) खनिज संसाधनों के आवधिक अद्यतन, बोर–कोर अथवा नमूनों एवं बोरहोल लॉग के रख–रखाव के लिए उत्तरदायी होगा।

(ख) खनिज संसाधनों के संरक्षण तथा खनन पट्टों में खनिजों एवं अयस्कों के इष्टतम उपयोग की योजना तैयार करेगा;

(ग) पूर्वेक्षण योजना तैयार करेगा तथा योजना के अनुसार जांच कार्य संचालित करेगा;

(घ) अयस्क पिण्ड के परिसीमन हेतु आवश्यक भूवैज्ञानिक मानचित्र, योजनाएं एवं अनुभाग तैयार करेगा;

(ङ) आश्रयी शैल एवं खनिजीकृत क्षेत्रों का पेट्रोलॉजिकल एवं खनिज वैज्ञानिक अध्ययन करेगा;

(च) अयस्क भंडार एवं उसके गुणवत्ता का आकलन करेगा;

(छ) नमूनाकरण की उपयुक्त विधि कार्यान्वित करेगा तथा नमूनों की तैयारी सुनिश्चित करेगा;

(ज) राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट सभी आदेश एवं निर्देशों का पालन करेगा।

7. नियम 14(क) को निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा।–राज्य में किसी भी लघु खनिज के संबंध में कोई व्यक्ति दो से अधिक खनिज समानुदान प्राप्त नहीं करेगा।

परंतु किसी एक समानुदानधारक को प्रदत्त क्षेत्र 200 (दो सौ) हेक्टेयर से अधिक नहीं होगा।

परंतु यह और कि, बालू के बंदोबस्ती के मामले में, यह सीमा केवल बिहार बालू खनन नीति, 2019 के कंडिका– 5 (i) में उल्लिखित नदियों में ही लागू होगी। अन्य नदियों के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक बार विभाग अधिकतम संख्या/क्षेत्रफल निर्धारित करने के लिए सक्षम होगा।

8. उप नियम 17(7) के बाद निम्नलिखित नया उप नियम 17(8) एवं 17(9) जोड़ा जाएगा:-

17(8) वित्तीय आश्वासन ।–

(क) खनिज समानुदनधारक द्वारा खनन योजना, जिसमें आनुक्रमिक खान समापन योजना एवं अंतिम खान समापन योजना शामिल है, के समुचित एवं ससमय कार्यान्वयन के लिए, वित्तीय आश्वासन प्रस्तुत किया जायेगा, जो निम्नानुसार होगा:–

क्र0	खनिज समानुदान/परमिट का प्रकार	वित्तीय आश्वासन (रुपये में)
1	बालू खनिज समानुदानधारकों के लिए	₹60,000/– (साठ हजार रुपये) प्रति हे0
2	पत्थर खनिज समानुदानधारकों के लिए	₹5,00,000/– (पांच लाख रुपये) प्रति हे0

परंतु उप नियम 8(क) के तहत प्रस्तुत वित्तीय आश्वासन की न्यूनतम राशि बालू खनिज के लिए 5,00,000/– (पांच लाख रुपये) एवं पत्थर खनिज के लिए 30,00,000/– (तीस लाख रुपये) होगी।

(ख) वित्तीय आश्वासन किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या अनुसूचित बैंक से सावधि जमा रसीद या बैंक गारंटी के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जो विभाग द्वारा समाहर्त्ता/विभाग/अधिकृत अधिकारी के पक्ष में गिरवी रखा गया हो।

(ग) वित्तीय आश्वासन पट्टा विलेख के निष्पादन या अनुज्ञप्ति के स्वीकृति से पूर्व विभाग/अधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। विद्यमान खानों में, पट्टेदार या अनुज्ञप्तिधारी को इन नियमों के प्रारंभ की तिथि से तीन माह के भीतर इसे प्रस्तुत करना होगा। जहां

पट्टेदार या अनुज्ञप्तिधारी उक्त समय के भीतर वित्तीय आश्वासन प्रस्तुत नहीं करता है, तो ऐसे विलंब के लिए 24 प्रतिशत वार्षिक दर से साधारण ब्याज लगाया जाएगा तथा ऐसे विलंब के दो माह बाद पट्टे की खनन गतिविधि रोक दी जाएगी। यदि पट्टाधारक या समानुदानधारक द्वारा वित्तीय आश्वासन की राशि जमा नहीं की जाती है, तो पट्टा अवधि के अंत में जमा प्रतिभूति राशि से यह राशि ब्याज सहित वसूल की जाएगी। इस संबंध में भविष्य में कोई मुआवजे का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(घ) वित्तीय आश्वासन पट्टेदार या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर मुक्त किया जाएगा, बशर्ते कि वह खान समापन योजना के प्रावधानों का संतोषजनक रूप से पालन कर चुका हो तथा इसे संबंधित समाहर्त्ता/विभाग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाएगा।

17(9) पुनरूद्धार, राहत एवं पुनर्वास।–

(क) जहाँ समाहर्त्ता/विभाग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के पास यह उचित आधार हो कि उस खान समापन योजना में वर्णित सुरक्षा, पुनरूद्धार और पुनर्वास उपाय, जिसके लिए वित्तीय आश्वासन दिया गया था, पूर्ण या आंशिक रूप से लागू नहीं किये गये हैं, तो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पट्टेदार/अनुज्ञप्तिधारी की वित्तीय आश्वासन की राशि तथा उस पर अर्जित ब्याज जब्त कर ली जाएगी तथा इसे जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट में जमा किया जाएगा।

परंतु पट्टेदार या अनुज्ञप्तिधारी को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

(ख) खनन पट्टा, खदान, अनुज्ञप्ति या अल्पकालिक परमिट में कार्य बेंचों के निर्माण द्वारा किया जाएगा। खनिज एवं ओवरबर्डन सहित ऐसे बेंच अलग–अलग बनाए जाएंगे तथा ओवरबर्डन या अपक्षयित खनिज के बेंच को इस प्रकार पर्याप्त अग्रिम में रखा जायेगा, कि उनका कार्य खनिज के कार्य में हस्तक्षेप न करे।

(ग) न्यूनतम अपशिष्ट उत्पादन के साथ इष्टतम उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए, प्रत्येक पट्टेदार या अनुज्ञप्तिधारी या अल्पकालिक परमिटधारक खनन योजना या खनन स्कीम के अनुसार मशीनरी एवं उपकरण उपयोग करने का प्रयास करेगा।

(घ) खदान या खनन तल पर गैर–बिक्री योग्य खनिज को नियमित रूप से एकत्रित कर सतह पर पहुँचाया जायेगा एवं पृथक रूप से रखा जायेगा। खदान या खनन तल को मलबे से यथा संभव स्वच्छ रखा जाएगा। खनिज के छोटे टुकड़े, जहां तक संभव हो, डंपों से अलग किए जाएंगे तथा भविष्य के उपयोग के लिए अलग–अलग जमा किये जायेंगें।

(ङ) उपरी मृदा, ओवरबर्डन, अपशिष्ट सामग्री या गैर–बिक्री योग्य खनिज के डंपिंग के लिए चयनित स्थल, खदान या खनन कार्य से दूर होगी। खनन या उत्खनन कार्य प्रारंभ करने से पूर्व, खदान या खनन के वैचारिक अंतिम सीमाओं का निर्धारण किया जाएगा तथा डंपिंग स्थल का चयन इस प्रकार किया जाएगा कि डंपिंग अंतिम आकार की सीमाओं के भीतर न किया जाए, सिवाय जहां समवर्ती बैक फिलिंग प्रस्तावित हो।

9. उप नियम 18(2) में निम्नलिखित कंडिका (viii) एवं (ix) जोड़ा जाएगाः–

(viii) पर्यावरणीय स्वीकृति जारी होने के बाद निर्धारित समय के भीतर सक्षम प्राधिकार के समक्ष स्थापनार्थ सहमति आदेश/संचालनार्थ सहमति आदेश (सीटीई/सीटीओ) के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर, बंदोबस्तधारी को प्रथम एक सप्ताह के लिए 1,00,000/– रुपये, अगले एक सप्ताह के लिए 2,00,000/– रुपये तथा अगले दो सप्ताह के लिए उच्चतम बोली का 0.5% जुर्माना अधिरोपित किया जायेगा। अधिरोपित जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में जुर्माना की राशि प्रतिभूति जमा में से काट ली जायेगी। इसके पश्चात् भी यदि अगले एक सप्ताह के भीतर सीटीई/सीटीओ के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो समाहर्त्ता बंदोबस्तधारी को कारणपृच्छा करने के उपरान्त सैद्धान्तिक स्वीकृत्यादेश रद्द करने हेतु सक्षम होगा तथा बंदोबस्तधारी की प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।

(ix) परंतु यह कि यदि समाहर्त्ता किसी भी समय संतुष्ट हो कि बंदोबस्तधारी किसी भी चरण में जानबूझकर या इरादतन किसी भी स्वीकृति/अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में विलंब कर रहा है, तो समाहर्त्ता द्वारा उसकी प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी।

10. उप नियम 22(3) शीर्षक सहित निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जायेगा :-

22(3)– स्वामिस्व/बंदोबस्ती राशि के भुगतान की रीति।–

(क) नीलामी राशि केवल प्रथम वर्ष के लिए बंदोबस्ती की राशि मानी जाएगी। दूसरे वर्ष और उसके बाद की बंदोबस्ती की राशि गत् वर्ष की बंदोबस्ती राशि के 120 प्रतिशत् के बराबर होगी।

(ख) प्रतिभूति जमा के अतिरिक्त बंदोबस्तधारी निम्नलिखित समय सारणी/भुगतान अनुसूची के अनुसार बंदोबस्ती की राशि का भुगतान करेगा :–

किस्त	भुगतान की नियत तारीख
प्रथम किस्त (50%)	(क) पट्टा एकरारनामा निष्पादन से पहले (पहले वर्ष के लिए) (ख) प्रथम वर्ष में पट्टा एकरारनामा निष्पादन की तिथि से एक वर्ष पूरा होने के 60 (साठ) दिन पूर्व और अनुक्रमिक वर्षों में इसी प्रक्रिया का पालन करते हुए जमा किया जायेगा।
द्वितीय किस्त (25%)	प्रत्येक समानुदान वर्ष की शुरूआत से 03 (तीन) माह पूरा होने से पहले।
तृतीय किस्त (25%)	प्रत्येक समानुदान वर्ष की शुरूआत से 06 (छः) माह पूरा होने से पहले।

प्रत्येक समानुदान वर्ष में पट्टाधारी द्वारा पहली किस्त के भुगतान के समय दूसरी और तीसरी किस्तो की राशि के लिए पोस्टडेटेड चेक संबंधित समाहर्त्ता/खनन पदाधिकारी के समक्ष जमा की जायेगी।

परन्तु खनन पट्टा जिनकी नीलामी इस नियमावली के लागू होने के पूर्व की जा चुकी है, वे नीलामी की राशि समान किस्तों में वार्षिक आधार पर जमा करते रहेंगें एवं प्रत्येक किस्त प्रथम वर्ष के पट्टा निष्पादन की तिथि से एक वर्ष पूरा होने के 60 (साठ) दिन पूर्व और अनुक्रमिक वर्षों में उसी प्रक्रिया का पालन करते हुए जमा की जाएगी।

परन्तु यह और कि यदि पट्टाधारी इस नियमावली में निर्दिष्ट किस्तों का भुगतान करने में असफल रहता है, तो समाहर्त्ता द्वारा आगे ई–चालान निर्गमन निलंबित कर दिया जाएगा तथा बकाया राशि ब्याज सहित भुगतान के बाद ही पुनः प्रारंभ किया जाएगा।

परन्तु यह भी कि इस नियमावली में प्रतिकूल किसी बात के होते हुए या अन्यथा पट्टा धारक बंदोबस्ती राशि के समतुल्य मात्रा से अधिक उत्खनित और प्रेषित खनिज की मात्रा के लिए अतिरिक्त स्वामिस्व का भुगतान करेगा।

11. नियम 26 के बाद निम्नलिखित नियम 26 क एवं 26 ख जोड़े जाएंगे :-

26 क. धर्मकाँटा एवं सीसीटीवी का अधिष्ठापन।– प्रत्येक खनन पट्टा पर केंद्रीय सर्वर से एकीकृत एक इलेक्ट्रॉनिक धर्मकाँटा का अधिष्ठापन हो सकेगा। प्रत्येक पट्टाधारी को धर्मकाँटा पर एवं विभाग द्वारा निर्धारित किसी अन्य स्थान पर सीसीटीवी अनिवार्य रूप से स्थापित करना होगा जो विभाग से जुड़ा होगा तथा प्रत्येक पट्टाधारी को अंतिम छह माह के सीसीटीवी फुटेज का बैकअप अनिवार्य रूप से बनाए रखना/पुनर्स्थापन करना होगा तथा आवश्यकता होने पर इसे प्रस्तुत करना होगा। किसी भी पट्टाधारी द्वारा उपरोक्त में से किसी भी शर्त का उल्लंघन करते पाये जाने पर इस नियमावली के तहत दंड का भागी होगा तथा उचित धर्मकाँटा स्लिप/ई–चालान के बिना खनिज परिवहन करते पाये जाने वाले किसी भी वाहन को खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 या उसके तहत बने नियमों के प्रावधानों के तहत जब्त किया जा सकेगा।

26 ख. पट्टाधारी पर निर्बन्धन के भंग की दशा में शास्ति।–

(1) साइन बोर्ड अधिष्ठापित नहीं करने, भू–निर्देशांक सहित सीमा स्तंभ चिह्नित नहीं करने, सीसीटीवी फुटेज का बैकअप नहीं बनाए रखने तथा तालिका में उल्लिखित अन्य उल्लंघनों के लिए समाहर्त्ता द्वारा पट्टाधारी के विरुद्ध निम्नलिखित दंड लगाया जायेगा :–

क्र0 सं0	उल्लंघन का प्रकार	दंड (रुपये में)
1	साइन बोर्ड अधिष्ठापित नहीं करने पर	1,00,000/–
2	भू–निर्देशांक सहित सीमा स्तंभ चिह्नित नहीं करने पर	5,00,000/–
3	अंतिम छह माह के सीसीटीवी फुटेज का बैकअप नहीं बनाए रखने/पुर्नस्थापित नहीं करने पर।	5,00,000/–

4	निर्धारित समय के भीतर विभागीय पोर्टल पर मासिक रिटर्न अपलोड नहीं करने पर	1,00,000/–
5	पानी का छिड़काव नहीं करने पर	1,00,000/–
6	प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था नहीं रहने पर	1,00,000/–
7	उत्पादन/प्रेषण की पंजी संधारित नहीं करने पर	10,00,000/–
8	खनन योजना के अनुसार वृक्षारोपण नहीं करने पर	वृक्षारोपण में 50 वृक्ष तक कमी के लिए 5,00,000/– एवं 50 वृक्ष से अधिक की कमी होने पर 5,00,000/– के अतिरिक्त प्रति वृक्ष 2000/– रू0

(2) लघु खनिज का परिवहन केवल विशिष्ट रंग से रंगे एवं ढंके हुए वाहनों से क्रियान्वित किया जाएगा। बिना ढंके अथवा विशिष्ट रंग से बिना रंगे लघु खनिज के परिवहन करने अथवा जी0पी0एस0 डिवाइस में छेड़छाड़ करने एवं बंद करने पर लिए निम्न प्रकार दण्ड अधिरोपित की जा सकेगी –

क्र0 स0	विषय	जुर्माना (रू0 में)	
1	बिना ढ़के लघु खनिज के परिवहन करने पर	ट्रैक्टर	5,000/–
		अन्य बड़े वाहन	25,000/–
2	बिना विशिष्ट रंग से रंगे वाहन के लिए चालान निर्गत करने पर	प्रथम बार उल्लंघन के लिए	1,00,000/–
3	खनिज परिवहन के दौरान वाहन में अधिष्ठापित जी0पी0एस0 डिवाईस में छेड़छाड़ करने या बंद करने पर	अन्य बड़े वाहन के लिए	1,00,000/–

नोटः– क्रम संख्या– 1 एवं 3 में उल्लिखित उल्लंघनों के लिए वाहन के मालिक पर तथा क्रम संख्या 2 के लिए पट्टाधारी पर दंड खनन अधिकारी द्वारा लगाया जाएगा।

(3) पट्टाधारी द्वारा खनिज के अवैध परिवहन को प्रोत्साहित करने की स्थिति में (वैध चालान से अधिक मात्रा वाहन में लादने की स्थिति में) समाहर्त्ता/खनन अधिकारी द्वारा प्रथम बार ₹5,00,000/– (रूपये पाँच लाख) (प्रत्येक गाड़ी पर) का दण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

(4) उप नियम– (1), (2) एवं (3) के उल्लंघन के मामलों में, यदि जुर्माना का भुगतान एक माह के अन्दर नहीं किया जाता है या उल्लंघनों में सुधार नहीं किया जाता है या पट्टेधारी ऐसे उल्लंघन में एक बार से अधिक संलिप्त पाया जाता है, तो खनन पट्टा अधिकतम तीन माह के लिए निलंबित की जा सकेगी। उसके बाद, यदि उल्लंघनों में सुधार नहीं किया जाता है या जुर्माना का भुगतान नहीं किया जाता है, तो समाहर्त्ता द्वारा उचित सुनवाई का मौका देते हुए खनन पट्टा रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

(5)(i) प्रतिबंधित क्षेत्र के भीतर खनन करने पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा–21(1) के अन्तर्गत शास्ति अधिरोपित की जाएगी एवं अन्य किसी कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, खनन पट्टा भी रद्दकरण के लिए उत्तरदायी होगा।

(ii) खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर खनन करने पर या खनन पट्टा क्षेत्र में अनुमान्य गहराई से अधिक खनन करने की दशा में उत्खनित खनिज की मात्रा का आंकलन कर समाहर्त्ता द्वारा शास्ति सहित नियम–56 में परिभाषित खनिज मूल्य की वसूली की जायेगी एवं अन्य किसी कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, खनन पट्टा भी रद्दकरण के लिए उत्तरदायी होगा।

(6) उप नियम–(4) एवं (5) के अधीन की गयी किसी कार्रवाई के लिए पट्टाधारी किसी क्षतिपूर्ति या पट्टावधि के विस्तार, जो कुछ भी हो, का पात्र नहीं होगा।

(7) जो कोई भी उप नियम 30(1), (2), (3) एवं (5) का उल्लंघन करता है एवं भुगतान करने से इन्कार करता है, तो उसे सक्षम न्यायालय द्वारा कारावास से जिसे 02 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा, से दण्डणीय होगा।

(8) पट्टाधारी का कर्तव्य होगा कि पट्टा क्षेत्र के 500 मीटर त्रिज्या के भीतर किसी भी अवैध खनन के संबंध में समाहर्त्ता या जिला खनन अधिकारी को सूचित करें, यदि पट्टाधारी ऐसे अवैध खनन के बारे में समाहर्त्ता या जिला खनन अधिकारी को लिखित रूप से सूचित करने में विफल रहता है तो, इस प्रकार के अवैध गतिविधि पाई जाने की दशा में यह माना जायेगा की अवैध गतिविधि पट्टाधारी द्वारा की गयी है तथा बंदोबस्तधारी पर इस नियमावली के तहत् की गयी अन्य कानूनी कार्रवाई के अलावा नियम 56 एवं 47 के तहत् कार्रवाई के लिए पट्टाधारी उत्तरदायी होगा।

12. उप नियम 28(4) के बाद निम्नलिखित उप नियम 28(5) एवं 28(6) जोड़े जाएंगे:-

28(5)– पट्टेधारी/समानुदानधारक को पट्टा समाप्ति या पर्यवासन या किसी अन्य तरीके से समाप्ति के पश्चात् पट्टा क्षेत्र से किसी भी परिस्थिति में किसी उत्खनित/विस्फोटित/उत्पादित /क्रशड सामग्री या कोई अन्य खनिज, जिसमें कोई खनिज सामग्री शामिल है, को हटाने की अनुमति नहीं होगी।

28(6)– इस नियमावली में किसी बात के अन्तर्विष्ट होने पर भी, उप नियम 28(1) (रद्दीकरण एवं जब्ती की सीमा तक) एवं उप नियम 28(2), (3), (4) एवं (5) के प्रावधान सभी लघु खनिजों पर लागू होंगे।

13. कंडिका 29(क)(4)(ii) के बाद निम्नलिखित कंडिका 29(क)(4) (iii) जोड़ा जाएगा:-

(iii) प्रत्यार्पित बालूघाट के मामले में न्यूनतम सुरक्षित मूल्य का निर्धारण पूर्व समानुदानधारक के प्रारंभिक पट्टा वर्ष के लिए नीलामी राशि के समतुल्य किया जाएगा।

परंतु विभाग, समाहर्त्ता की अनुशंसा एवं विभागीय तकनीकी समिति की प्रतिवेदन पर, लोकहित एवं खनिज निक्षेपों के व्यवस्थित विकास के लिए आवश्यक होने पर उपरोक्त उप नियम के कंडिका (ii) के अनुसार न्यूनतम सुरक्षित मूल्य को पुनरीक्षित कर सकता है।

परंतु यह कि, प्रत्यार्पित बालूघाट को केवल पूर्व समानुदान की शेष अवधि के लिए ही पुनर्बंदोबस्त किया जायेगा।

14. नियम 29(क)(5) में शब्द "उसकी प्रतिभूति जमा जब्त कर ली जाएगी" के स्थान पर शब्द "उसका अग्रधन जमा (ईएमडी) जब्त कर ली जाएगी" प्रतिस्थापित किया जाएगा।

15. नियम 29(ख)(3) में नया परन्तुक जोड़ा जाएगा:-

परंतु यदि बंदोबस्तधारी इस नियमावली में निर्दिष्ट किस्तों का भुगतान करने में असफल रहता है, तो समाहर्त्ता द्वारा आगे ई–चालान निर्गमन निलंबित कर दिया जाएगा तथा बकाया राशि ब्याज सहित भुगतान के बाद ही पुनः प्रारंभ किया जाएगा।

16. उप नियम 29(ख)(4) को शीर्षक सहित निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा:-

भुगतान में चूक।– निर्धारित तिथि के भीतर किसी भी किस्त का भुगतान में चूक के मामले में 24 प्रतिशत वार्षिक दर से साधारण ब्याज दो माह तक प्रभारित की जायेगी और उसके बाद खनन पट्टा रद्द करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।

17. नियम 29(च) को शीर्षक सहित निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा:-

29(च) धर्मकाँटा एवं सीसीटीवी का अधिष्ठापन– प्रत्येक बालूघाट पर केंद्रीय सर्वर से एकीकृत एक इलेक्ट्रॉनिक धर्मकाँटा का अधिष्ठापन हो सकेगा, हॉलांकि निकटवर्ती बालूघाटों के लिए विभाग कॉमन धर्मकाँटा के उपयोग की अनुमति दे सकता है। प्रत्येक समानुदानधारक को धर्मकाँटा पर एवं विभाग द्वारा निर्धारित किसी अन्य स्थान पर सीसीटीवी अनिवार्य रूप से स्थापित करना होगा जो विभाग से जुड़ा होगा तथा प्रत्येक समानुदानधारक को अंतिम छह माह के सीसीटीवी फुटेज का बैकअप अनिवार्य रूप से बनाए रखना/पुनर्स्थापन करना होगा तथा आवश्यकता होने पर इसे प्रस्तुत करना होगा। किसी भी समानुदानधारक द्वारा उपरोक्त में से किसी भी शर्त का उल्लंघन करते पाये जाने पर इस नियमावली के तहत दंड का भागी होगा तथा उचित धर्मकाँटा स्लिप/ई–चालान के बिना बालू परिवहन करते पाये जाने वाले किसी भी वाहन को खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 या उसके तहत बने नियमों के प्रावधानों के तहत जब्त किया जा सकेगा।

18. नियम 30(1) को निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा :–

(1) साइन बोर्ड अधिष्ठापित नहीं करने, भू–निर्देशांक सहित सीमा स्तंभ चिह्नित नहीं करने, सीसीटीवी फुटेज का बैकअप नहीं बनाए रखने तथा तालिका में उल्लिखित अन्य उल्लंघनों के लिए समाहर्त्ता द्वारा बंदोबस्तधारी के विरुद्ध निम्नलिखित दंड लगाया जा सकेगा :–

क्र0 सं0	उल्लंघन का प्रकार	दंड (रुपये में)
1	साइन बोर्ड अधिष्ठापित नहीं करने पर	1,00,000/–
2	भू–निर्देशांक सहित सीमा स्तंभ चिह्नित नहीं करने पर	5,00,000/–
3	अंतिम छह माह के सीसीटीवी फुटेज का बैकअप नहीं बनाए रखने/ पुर्नस्थापित नहीं करने पर।	5,00,000/– प्रथम उल्लंघन के लिए एवं 10,00,000/– द्वितीय उल्लंघन के लिए तथा तृतीय उल्लंघन के बाद, उचित सुनवाई का अवसर देने के उपरांत पट्टा रद्द किया जा सकता है।
4	निर्धारित समय के भीतर विभागीय पोर्टल पर मासिक रिटर्न अपलोड नहीं करने पर	1,00,000/–
5	पानी का छिड़काव नहीं करने पर	1,00,000/–
6	प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था नहीं रहने पर	1,00,000/–
7	उत्पादन/प्रेषण की पंजी संधारित नहीं करने पर	10,00,000/–
8	खनन योजना के अनुसार वृक्षारोपण नहीं करने पर	1,00,000/–

19. नियम 30(4) के बाद निम्नलिखित नया "नोट" जोड़ा जाएगा :–

नोटः–क्रम संख्या– 1, 2 एवं 4 में उल्लिखित उल्लंघनों के लिए वाहन के मालिक पर तथा क्रम संख्या 3 के लिए खनिज समानुदान धारक पर दंड खनन अधिकारी द्वारा लगाया जाएगा।

20. उप नियम 30(6) के बाद निम्नलिखित नया उप नियम 30(7) जोड़ा जाएगा :–

बंदोबस्तधारी का कर्तव्य होगा कि पट्टा क्षेत्र के 500 मीटर त्रिज्या के भीतर किसी भी अवैध खनन के संबंध में समाहर्त्ता या जिला खनन अधिकारी को सूचित करें, यदि बंदोबस्तधारी ऐसे अवैध खनन के बारे में समाहर्त्ता या जिला खनन अधिकारी को लिखित रूप से सूचित करने में विफल रहता है तो, इस प्रकार के अवैध गतिविधि पाई जाने की दशा में यह माना जायेगा की अवैध गतिविधि बंदोबस्तधारी द्वारा की गयी है तथा बंदोबस्तधारी पर इस नियमावली के तहत् की गयी अन्य कानूनी कार्रवाई के अलावा नियम 56 एवं 47 के तहत् कार्रवाई के लिए बंदोबस्तधारी उत्तरदायी होगा।

21. नियम 37(4) में नया परन्तुक निम्न प्रकार जोड़ा जाएगा :–

परन्तु कृषि, जल संसाधन, राजस्व, आपदा एवं अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा सत्यापन के बाद समाहर्त्ता संतुष्ट हो कि उसी वर्ष किसी व्यक्ति की खेती योग्य कृषि भूमि पर कोई लघु खनिज/बलुई मिट्टी जमा हो गई है तथा ऐसे लघु खनिज/बलुई मिट्टी हटाने से भूमि को खेती योग्य स्थिति में बहाल किया जा सकता है, तो समाहर्त्ता नदी तट से तीन किलोमीटर की दूरी के प्रावधान को शिथिल/मुक्त कर सकता है तथा ऐसे मामलों में वह उक्त खनिज के निपटान के लिए परमिट जारी कर सकेगा, यदि यह उक्त क्षेत्र के संबंध में खनन पट्टा प्राप्त करने की आवश्यकता को समाप्त न करे जिसके संबंध में लघु खनिज/बलुई मिट्टी निकासी के लिए परमिट प्राप्ति हेतु आवेदन किया गया है। ऐसे मामलों में, सभी अन्य शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

परन्तु एक खनिज निपटान परमिट के अन्तर्गत स्वीकृत क्षेत्र 5 (पांच) हेक्टेयर से अधिक नहीं होगा।

22. उप नियम 39(1) के कंडिका (घ) के प्रारंभ में शब्द "कहीं और उल्लिखित किसी बात के होते हुए भी, कोई तथा" जोड़ा जाएगा।

23. उप नियम 39(1) के बाद निम्नलिखित नया परन्तुक जोड़ा जाएगा:-

परंतु मध्यम व्यवसायी श्रेणी एवं वृहद् व्यवसायी श्रेणी के लिए प्राप्त भण्डारण अनुज्ञप्ति क्रमशः 10,000/– (दस हजार मात्र) रुपये एवं 50,000/– (पचास हजार मात्र) रुपये के भुगतान पर प्रत्येक वर्ष नवीनीकृत किया जाएगा।

24. नियम 46(2) को निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा:-

प्रत्येक खनिज समानुदान धारक को प्रत्येक माह के पंद्रहवें दिन तक सक्षम अधिकारी के समक्ष **प्रपत्र–'झ'** में खनिज के लिए सत्य एवं सही रिर्टन प्रस्तुत करेंगा, और इस उद्देश्य के लिए विकसित विभागीय पोर्टल पर इसे ऑनलाइन अपलोड करेगा।

25. नियम 50 को निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा:-

50– खनिज समानुदान धारक द्वारा कारोबार छोड़ने का विकल्प।–

(1) इन नियमावली में किसी बात के अंतर्विष्ट होने पर भी, खनन पट्टा अवधि के लगातार तीन वर्ष पूर्ण होने के उपरांत किसी भी समय समाहर्त्ता, को छः महीने का नोटिस देते हुए

कारोबार छोड़ने का विकल्प दे सकेगा, इस संबंध में निर्णय आवेदन प्रस्तुत करने के चार महीने के भीतर समानुदान धारक को संसूचित कर दिया जाएगा। समाहर्त्ता आवेदन की योग्यता पर विचार करने और संतुष्ट होने पर, ऐसे समानुदान धारक को व्यापार छोड़ने की अनुमति दे सकेगा।

परंतु यदि खनिज समानुदान धारक ने अपनी नीलामी राशि या बंदोबस्त राशि का भुगतान नहीं किया है अथवा अद्यतन प्रतिभूति राशि जमा नहीं की है या बंदोबस्ती के किसी भी शर्त का उल्लंघन किया है तो निकास आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

परन्तु यह और कि जब निकासी आवेदन अस्वीकृत हो जाता है, तो जमा सम्पूर्ण प्रतिभूति राशि के साथ–साथ समानुदान धारक द्वारा भुगतान की गयी अन्य राशि को जप्त कर लिया जायेगा।

(2) निकास आवेदन स्वीकृत होने की स्थिति में, खनिज समानुदान धारक को आगामी वर्षो के भुगतानों से संबंधित किसी भी दायित्व से छूट दी जा सकेगी और ई–चालान के उस विशेष बंदोबस्ती अवधि के लिए ही जारी रखा जाएगा (जिसके लिए उसने पहले ही अपनी बंदोबस्ती राशि का भुगतान कर दिया है), वशर्ते बंदोबस्ती की अन्य शर्ते पूरी हो। निकास आवेदन स्वीकृत होते ही, समाहर्त्ता एक नई बिडिंग के लिए व्यवस्था की शुरूआत करेगा जिसपर बंदोबस्तधारी को आपत्ति करने का कोई आधिकार नहीं होगा।

(3) यदि निकास आवेदन अस्वीकृत हो जाता है, तो खनिज समानुदान धारक संपूर्ण बंदोबस्ती अवधि तक सभी बकाया का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा, भले ही खनिज ब्लॉक का संचालन न किया गया हो। जब तक ब्लॉक की नीलामी नहीं हो जाती और नया पट्टा विलेख निष्पादित नहीं हो जाता या जारी बंदोबस्ती अवधि पूर्ण नहीं हो जाती (जो भी पहले हो)। ऐसे मामलों में यदि इस नियमावली के तहत् निर्धारित भुगतान चक्र के अनुसार किस्त राशि सहित अन्य सभी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो ई–चालान निर्गमन रोक दिया जाएगा और संपूर्ण ब्याज सहित बकाया राशि के भुगतान के पश्चात् ही इसे पुनः शुरू किया जाएगा।

(4) धोखाधड़ी या खनन या पर्यावरणीय शर्तों का उल्लंघन या किसी अन्य अनियमितता होने के मामले में, खनिज समानुदान धारक को कारोबार छोड़ने का विकल्प उपलब्ध नहीं होगा। यद्यपि अपराध या उल्लंघन का समन हो गया हो, समानुदान धारक को बंदोबस्ती छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(5) समानुदान प्रत्यर्पण के मामले में, प्रत्यर्पित समानुदान की अवधि पूर्ण होने तक एवं सभी बकाया वसूल होने तक खनिज समानुदान धारक को किसी भी रूप में कोई अन्य नया पट्टा/समानुदान प्रदान नहीं किया जाएगा। यह प्रतिबंध खनिज समानुदान धारक के निदेशक/मालिक/न्यासी/साझेदार वाले सभी अन्य कानूनी इकाइयों (कंपनी/फर्म/ट्रस्ट/साझेदारी आदि) पर भी लागू होगा।

26. **नियम 51(1)(ग) के बाद निम्नलिखित नया उप नियम 51(1)(घ) जोड़ा जाएगा :–**

नियम 51(1)(घ)।– पर्यावरण प्रबंधन शुल्क एवं प्रबंधन शुल्क :-

(क) प्रत्येक खनन समानुदान धारक या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति–सह–खनन पट्टा या परमिट धारक या किसी अन्य समानुदान धारक को, स्वामिस्व एवं अन्य करों के अतिरिक्त वार्षिक नीलामी/बंदोबस्ती राशि/समेकित स्वामिस्व/स्वामिस्व का 1%, या राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित दर के बराबर राशि पर्यावरण प्रबंधन शुल्क एवं प्रबंधन शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा। यह दर सभी पट्टों के मामले में वार्षिक नीलामी/पट्टा राशि के विरुद्ध गणना की जायेगी, ईंट मिट्टी के मामले में निर्धारित श्रेणी के अनुसार समेकित स्वामिस्व/परमिट धारक द्वारा देय रॉयल्टी के विरुद्ध गणना की जाएगी। विद्यमान पट्टा धारक/परमिट धारक/खनिज समानुदान धारक भी इस शुल्क के भुगतान के लिए उत्तरदायी होंगे।

(ख) इस मद में एकत्रित राशि का उपयोग विभाग द्वारा संचालित विद्यमान सॉफ्टवेयर एवं एप्लीकेशनों के रख–रखाव एवं सुदृढ़ीकरण तथा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम एवं/या पर्यावरण संरक्षण एवं/या बिहार सरकार खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा समय–समय पर अधिसूचित उद्देश्य के लिए की जाएगी।

(ग) निर्धारित तिथि तक भुगतान में चूक के लिए, खनिज समानुदान धारक से 24 प्रतिशत प्रति वर्ष के दर से साधारण ब्याज प्रभारित किया जाएगा।

(घ) उपरोक्त प्रावधान विभाग द्वारा अधिसूचित तिथि से प्रभावी माने जाएंगे।

परंतु यदि उपरोक्त नियमों को प्रभावी बनाने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो खान एवं भूतत्व विभाग ऐसे प्रावधान बना सकता है जो कठिनाई को दूर करने के लिए उपयुक्त, आवश्यक या समीचीन हो।

27. कंडिका 56(1)(ii) को निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा :-

(ii) कोई व्यक्ति किसी खनिज का परिवहन अथवा भण्डारण बिना वैध चालान और/या इस नियमावली के नियम–41 के तहत विनिर्दिष्ट ट्रांजिट पास के नहीं करेगा अथवा करवायेगा। साथ ही खनिज का परिवहन अवास्तविक, अनिबंधित एवं गैर वाणिज्यिक वाहन से नहीं करेगा।

28. उप नियम 56(2) के कंडिका (iv) में शब्द समुह ''बिना विधिक अधिकार के भूमि अधिग्रहण हेतु भुगतेय कर'' के बाद शब्द, "आदि" जोड़ा जाएगा।

29. उप नियम 56(2) के कंडिका (vi) में नया परन्तुक जोड़ा जाएगा :-

परन्तु यह कि, वाहनों में खनिज की मात्रा के निर्धारण के प्रयोजनार्थ, जहाँ चालान में खनिज की मात्रा केवल आयतन के रूप में उल्लिखित हो, वहाँ खनिज की मात्रा का आयतन आधारित आंकलन/निर्धारण मानक माप टेप के माध्यम से किया जा सकेगा। तथापि, जहाँ चालान में खनिज की मात्रा आयतन तथा/अथवा वजन के रूप में उल्लेखित हो, वहाँ खनिज की मात्रा का आंकलन केवल धर्मकाँटा के माध्यम से ही किया जाएगा।

30. उप नियम 56(7) का कंडिका (iv) निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा:-

सभी अधिगृहीत औजार, आयुद्ध, नौका, वाहन, रस्सी, जंजीर अथवा अन्य सामग्री, जिनमें खनिज भी सम्मलित होगें, को सरकारी नियमों के अन्तर्गत नीलाम किया जायेगा।

31. उप नियम 67(3) के बाद निम्नलिखित नया उप नियम 67(4) जोड़ा जाएगा :-

67(4)– इन नियमों के अधीन दायर की जाने वाली कोई अपील के साथ ₹10,000/– की शुल्क राशि विभागीय शीर्ष के अंतर्गत जमा की जाएगी।

परंतु यह कि, ट्रैक्टर से संबंधित जब्ती/अधिहरण अथवा उससे संबंधित किसी अन्य मामले के विरुद्ध दायर अपील में अपील शुल्क ₹5,000/– मात्र होगा।

32. उप नियम– 67(4) के बाद नया परन्तुक निम्न प्रकार जोड़ा जाएगा :-

परंतु यह कि, उपनियम 1 एवं 2 में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पश्चात् भी अपील का आवेदन स्वीकार किया जा सकेगा, यदि आवेदक अपीलीय प्राधिकारी को यह संतुष्ट कर दे कि निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन प्रस्तुत न कर पाने के लिए उसके पास पर्याप्त कारण है।

33. उप नियम 68(4) के बाद निम्नलिखित नया उप नियम 68(5) जोड़ा जाएगा :-

68(5)–इन नियमों के अधीन दायर की जाने वाली कोई पुनरीक्षण के साथ ₹10,000/– की शुल्क राशि विभागीय शीर्ष के अंतर्गत जमा की जाएगी।

परंतु यह कि, ट्रैक्टर से संबंधित जब्ती/अधिहरण अथवा उससे संबंधित किसी अन्य मामले के विरुद्ध दायर पुनरीक्षण में पुनरीक्षण शुल्क ₹5,000/– मात्र होगा।

34. नियम 84 निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा:-

84 निदेश जारी की शक्ति :–

(1) खनिज निक्षेपों के व्यवस्थित विकास, खनिजों के संरक्षण, वैज्ञानिक खनन, सतत विकास एवं पर्यावरण के संरक्षण के हित में अथवा इन नियमों के समुचित क्रियान्वयन के लिए विभाग, खनन पट्टा/बंदोबस्ती/किसी अनुज्ञप्ति/परमिट के स्वामी, अभिकर्ता, प्रबंधक अथवा धारक को आवश्यक निदेश जारी कर सकेगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन जारी प्रत्येक निदेश का अनुपालन, यथास्थिति, खनन पट्टा/बंदोबस्ती/किसी अनुज्ञप्ति/परमिट के स्वामी, अभिकर्ता, प्रबंधक अथवा धारक द्वारा किया जाएगा। यदि ऐसे किसी निदेश के पालन में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न होती है, तो वह उक्त निदेश के संशोधन अथवा निरस्तीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा तथा इस संबंध में विभाग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी ऐसे निदेश का संशोधन या निरस्तीकरण कर सकेगा अथवा उसे यथावत पुष्टि कर सकेगा।

35. नियम 89 में नया परन्तुक निम्नप्रकार जोड़ा जाएगा।-

परन्तु यदि इन नियमों के अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच किसी प्रकार का कोई विरोध, असंगति या विसंगति उत्पन्न होती है, तो अंग्रेजी संस्करण ही मान्य एवं प्रभावी रहेगा।

36. प्रपत्र–'ख' के भाग VII–पट्टेधारी/पट्टेधारियों की प्रसंविदाएँ की कंडिका–7 निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगाः–

भाग VII) पट्टेधारी/पट्टेधारियों की प्रसंविदाएँ कंडिका 7 :-

कार्य चालान का निरीक्षण करने की अनुमति देना।– पट्टाधारी/पट्टाधारीगण ने केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी को, किसी भवन, उत्खनन या लीज में शामिल भूमि सहित परिसरों में निरीक्षण, परीक्षण, सर्वे, पूर्वेक्षण करने तथा उसका प्लान बनाने, नमूना लेने, किसी द्वारा संग्रहण के प्रयोजनार्थ स्वीकृति देंगे और लीजधारी/लीजधारीगण अपने द्वारा नियोजित तथा खानों तथा प्रभावकारी रूप से कार्यों से परिचित एवं उचित व्यक्ति के साथ ऐसे

अधिकारी, एजेंट, सेवक एवं मजदूरों को प्रत्येक ऐसे निरीक्षण संचालित करने में सहायता करेंगे और खानों के कार्यों से संबंधित सभी सुविधाएँ तथा जानकारी. जिनको उन्हें युक्तियुक्त रूप से आवश्यकता हो, उन्हें मुहैया करेंगे तथा सभी आदेशों एवं विनियमों का अवश्य पालन करेंगे जिसे केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार ऐसे निरीक्षण अथवा अन्यथा के फलस्वरूप समय–समय पर, अधिरोपित करना उचित समझे। यदि पट्टाधारी अथवा उसका प्रतिनिधि, इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किए जा रहे निरीक्षण/तलाशी/जब्ती के दौरान जानबूझकर अथवा उद्देश्यपूर्वक सहयोग करने से इनकार करता है या सहायता प्रदान नहीं करता है, तो ऐसे निरीक्षण/तलाशी/जब्ती की कार्यवाही के दौरान की गई ऑडियो–वीडियो अभिलेखन को निरीक्षण प्रतिवेदन का अभिन्न अंग माना जाएगा। भले ही निरीक्षण प्रतिवेदन एकपक्षीय रूप से तैयार किया गया हो, निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित निष्कर्ष/टिप्पणियाँ पट्टाधारी पर बाध्यकारी होंगी तथा इस आधार पर पट्टाधारी द्वारा भविष्य में किसी प्रकार की राहत का दावा नहीं किया जा सकेगा।

37. प्रपत्र–'ख' के भाग IX– सामान्य प्रावधान कंडिका–6–निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगाः–

भाग IX– सामान्य प्रावधान कंडिका 6 ।–

पट्टाधारी पट्टा की समाप्ति पर अपनी संपत्ति हटा सकेगा– पट्टाधारी पहले इस प्रस्तुतीकरण के कारण भुगतेय लगान, रॉयल्टी का भुगतान तथा कोई अन्य देय राशि एवं उन्मोचित कर उक्त अवधि की समाप्ति या पर्यवसान पर अथवा उसके बाद तीन कैलेंडर माह के भीतर अपने स्वयं के लाभ के लिए सभी या किसी मशीनरी, प्लांट, भवन तथा अन्य कार्य, संरचना, प्रसुविधाओं को, जो लीजधारी द्वारा उक्त भूमि पर खड़ा किए गए, लगाये गये या रखे गये हो, और जिसे लीजधारी इस अनुसूचि इस अनुसूची के भाग VII के खंड 18 के अधीन समाहर्त्ता को परिदत्त करने हेतु वचनबंध न हो/हों और जिन्हें समाहर्त्ता क्रय करने की इच्छा न रखता हो, हटा सकेगा।

परंतु यह कि, यदि पट्टाधारी द्वारा स्थापित या निर्मित उक्त मशीनरी, संयंत्र, भवन तथा अन्य कार्य, संरचनाएँ एवं सुविधाएँ निर्दिष्ट अवधि के भीतर नहीं हटाई जाती हैं, तो उन्हें सरकार की संपत्ति माना जाएगा।

परंतु यह भी कि किसी भी परिस्थिति में पट्टाधारी को पट्टा अवधि की समाप्ति, निरसन अथवा किसी अन्य प्रकार से पट्टा समाप्त होने के पश्चात पट्टा क्षेत्र से किसी भी प्रकार की उत्खनित/विस्फोटित/उत्पादित/क्रश्ड सामग्री या अन्य किसी खनिज पदार्थ, जिसमें कोई भी खनिज सामग्री सम्मिलित हो, को हटाने की अनुमति नहीं होगी।

38. विद्यमान अनुसूची–III 'क' के क्रमांक 1, 2, 3, 4 एवं 16 के स्तंभ 2 एवं 3 तथा संपूर्ण अनुसूची–IIIB को निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :–

अनुसूची III–क

[नियम 51(1)(ख) देखें]

क्रमांक	रॉयल्टी खनिजों का नाम	प्रति घन मीटर दर रुपये में
1	2	3
1	(क) बोल्डर, ग्रेवल, शिंगल अथवा पत्थर चाहे जिस नाम से परिभाषित हो (ख) नीलामी की रीति से बंदोबस्त पत्थर	500 नीलामी की दशा में नीलामी की राशि।
2	(क) 05 महत्वपूर्ण नदियों यथा सोन, किउल, फल्गु, चानन एवं मोरहर में उपलब्ध बालू (ख) गंगा नदी के दक्षिण में अवस्थित अन्य नदियों में उपलब्ध पीला बालू (ग) गंगा नदी सहित गंगा नदी के उत्तर में अवस्थित सभी नदियों में उपलब्ध सफेद बालू (घ) नीलामी की रीति से बंदोबस्त बालू	175 100 75 नीलामी के मामले में नीलामी की राशि।
3	ईंट मिट्टी (400 मानक ईंटों के बराबर)	40
4	साधारण मिट्टी/क्ले जिसका उपयोग बाँध, सड़क, रेलवे, भवन, आदि के निर्माण के प्रयोजन में भरने तथा लेवल करने आदि तथा अन्य वाणिज्यिक कार्य हेतु जिसका उपयोग किया जाता हो।	75
16	स्टोन डस्ट	500

अनुसूची III–ख

[नियम 38(1) देखें]

क्रमांक	क्षेत्र की श्रेणियां	जिला का नाम एवं क्षेत्र	क्षमता स्तंभ 3 में दिखाये गए क्षेत्र में स्थित प्रति स्थायी चिमनी अथवा बंगला भट्ठा के निर्मित ईंट	स्वामिस्व–प्रति भट्ठा प्रतिवर्ष देय स्वामिस्व की राशि जो स्तंभ 4 में निर्धारित ईंट की संख्या पर देय है (रूपये में)
1	2	3	4	5
1	I	पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, दरभंगा जिले के शहरी क्षेत्र	45 लाख ईंटें	₹4,50,000.00
2	II	अन्य शहरी क्षेत्र	35 लाख ईंटें	₹3,50,000.00
3	III	ग्रामीण क्षेत्र	25 लाख ईंटें	₹2,50,000.00
4	IV	बंगला भट्ठा	01 (एक लाख) ईंटें	₹10,000.00

प्रवर्त्तन की तिथि :– 1. अनुसूची–III 'क' के क्र.सं. 1 एवं 16 का संशोधित रॉयल्टी दर उस तिथि से प्रभावी मानी जायेगी, जिसे राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियुक्त करेगी।

2. ईंट मिट्टी की संशोधित रॉयल्टी दर (अनुसूची–III 'क' के क्र.सं. 3) एवं परिणामस्वरूप अनुसूची– III 'ख' की दरें ईंट सत्र 2026–27 अर्थात् 1 अक्टूबर 2026 से प्रभावी मानी जाएँगी तथा आगे किसी संशोधन अथवा परिवर्तन किये जाने तक प्रभावी रहेगी।

आदेश से,
सुनील चौधरी,
सरकार के संयुक्त सचिव।

Mines and Geology Department

Notification

The 6th May 2026

No.- Pra-II/Avaidh Khanan-30/2022-2961/M—In exercise of the powers conferred by section 15 read with section 23C of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957, the Governor of Bihar hereby makes the following rules further to amend the Bihar Minerals (Concession, Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2019 :-

1. ***Short title, extent and commencement:-***

(1) These rules shall be called the Bihar Minerals (Concession, Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) (Amendment) Rules, 2026.

(2) It shall extend to the whole of the State of Bihar.

(3) It shall come into force from the date of its publication in the Gazette.

2. ***A new clause (viii)(a) shall be added after clause (viii) in sub rule 2(1) as follows.—***

(viii)(a) ***"Director of Exploration"*** means the Director of Exploration appointed as such by the State Government;

3. A new clause (xix)(a) shall be added after clause (xix) in sub rule 2(1)as follows:

(xix)(a) ***"Geologist"*** means an officer appointed by the Government to perform the duties of Geologist for the purpose of these rules;

4. The following Rule 4(A) shall be added after Rule 4 as follows :

4(A) ***Appointment of Director Exploration*****.—**The State Government may, by notification, appoint a Director Exploration who shall be responsible for Exploration of mineral resources in the State.

5. The following Rule 8(A) shall be added after Rule 8 as follows :

8(A) ***Power and Function of Director Exploration*****.—**

(1) He shall head the Directorate of Exploration and shall exercise administrative control over all the Geologist of the Department.

(2) He shall be responsible for coordination with central and private exploration agencies, and scrutiny, examination and detailed analysis of exploration reports submitted by various exploration agencies including assessment of inputs, findings, recommendations, and all others related works pertaining to mineral exploration activities.

(3) He shall be responsible for exploration, identification and preparation of feasible mining blocks and for submission of the same to the department.

6. ***The following Rule 9(A) shall be added after Rule 9 as follows .—***

9(A) ***Duties of Geologist:-***

(1) It shall be the duty of the Geologist to conduct Reconnaissance Survey, Geological Mapping, Geophysical & Geochemical Survey, Drilling & Sub-surface Exploration, Resource Estimation and Feasibility & Report Preparation in accordance with the provisions of applicable rules.

(2) The Geologist referred shall-

(a) be responsible for periodic updating of minerals resources, maintenance of bore cores or samples and bore hole logs;

(b) plan for conservation of mineral resources and optimal utilisation of the minerals and ores in the mining leases;

(c) prepare a scheme of prospecting and carry out the investigation operation as per the scheme;

(d) prepare the necessary geological maps, plans and sections which are required to delineate the ore body;

(e) carry out petrological and mineralogical studies of host rock and mineralized zones;

(f) calculate ore reserves and its grade;

(g) work out the appropriate method of sampling and ensure preparation of samples accordingly;

(h) carry out all such orders and directions as may be specified from time to time by the State Government

7. ***Rule 14 (a) shall be substituted as follows***.—No Person shall acquire in the state with respect to any minor mineral, more than two mineral concessions.

Provided that the area granted to any single concession holder shall not exceed 200 (Two hundred) hectares.

